बिहार सरकार

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

अधिसूचना

पटना, दिनांक– 29.10.26

संख्या–8 / आ0 (राज0नि0)–1–345 / 2026 6459 श्रीमती कुमारी स्वीटी, अवर निबंधक, दानापुर, पटना के विरूद्ध अप्रत्यानुपातिक धनार्जन के आरोप में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना द्वारा धारा–13 (2) सह पठित धारा–13 (1)(बी), 12 भ्र0नि0अधि0 1988 (संशोधित 2018) एवं BNS 2023 की धारा–61(2) के तहत् निगरानी थाना कांड संख्या–113 / 26 दिनांक–25.09.2026 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, निगरानी विभाग, बिहार, पटना द्वारा श्रीमती स्वीटी एवं उनके पति–श्री रविन्द्र कुमार दिवाकर अपर समाहर्ता, आपूर्ति पटना के विरूद्ध लगभग 1,06,85,900 / – रूपये (एक करोड़ छः लाख पचासी हजार नौ सौ रूपये) आय से अधिक अर्जित किये जाने के संबंध में उक्त प्राथमिकी दर्ज की गयी है। श्रीमती स्वीटी का यह आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम–3 के प्रतिकूल है। इस संबंध में विभागीय पत्रांक–6080 दिनांक–05.10.2026 एवं पत्रांक–6087 दिनांक–06.10.2026 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, जो उनके द्वारा अबतक उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

2. अतएव श्रीमती कुमारी स्वीटी, अवर निबंधक, दानापुर, पटना को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9 (1)(ग) के अधीन तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्रीमती कुमारी स्वीटी का मुख्यालय–विभागीय मुख्यालय, विकास भवन, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि में श्रीमती कुमारी स्वीटी को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–10 के तहत् अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. पटना जिला के आंतरिक व्यवस्था को देखते हुए श्री पप्पू कुमार, अवर निबंधक, फतुहा (पटना) को अगले आदेश तक अवर निबंधक, दानापुर का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है।

6. श्री कुमार अविलंब अवर निबंधक, दानापुर का प्रभार ग्रहण कर मुख्यालय को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

29/10/2026

(संजय कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव

संख्या–8 / आ0 (राज0नि0)–1–345 / 2026 / 6459 पटना, दिनांक– 29.10.26

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना / वित्त विभाग, ई–गजट कोषांग को (सी0डी0 सहित) राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

29/10/2026

सरकार के संयुक्त सचिव

संख्या–8 / आ0 (राज0नि0)–1–345 / 2026 / 6459 पटना, दिनांक– 29.10.26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निबंधन महानिरीक्षक के निजी सहायक / समाहर्ता–सह–जिला निबंधक, पटना / उप निबंधन महानिरीक्षक(सभी) / पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, निगरानी विभाग, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना एवं सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना / सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पटना प्रमंडल, पटना / राजपत्रित स्थापना, प्रशाखा–5 / मुख्यालय स्थापना प्रशाखा–02 / लेखा शाखा प्रशाखा–03 / बजट शाखा प्रशाखा–01 / विभागीय आई0टी0 मैनेजर / श्री पप्पू कुमार, अवर निबंधक, फतुहा, पटना एवं श्रीमती कुमारी स्वीटी, अवर निबंधक, दानापुर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/10/2026

सरकार के संयुक्त सचिव